बुरहानपुर के केले को मिला जीआई टैग, दुनिया में बनेगी विशिष्ट पहचान

अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों और किसानों की अथक मेहनत को मिली सफलता

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के लिए यह ऐतिहासिक गौरव और उपलब्धि का क्षण है कि जिले के प्रसिद्ध केले को भौगोलिक संकेतक ;जीआई टैग प्राप्त हुआ है। इससे बुरहानपुर का केला अब राष्ट्रीय ही नहीं,बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। यह सफलता किसानों की अथक मेहनत विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के दीर्घकालिक एवं सतत प्रयासों का परिणाम है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने जिले के किसानों को बधाई देते हुए कहा कि बुरहानपुर का केला यहां की कृषि परंपराए किसानों की मेहनत और क्षेत्र की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों का प्रतीक है। जीआई टैग मिलने से इसकी विशिष्टता को आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य, व्यापक बाजार और निर्यात के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होने बताया कि बुरहानपुर के केले को जीआई टैग दिलाने की पहल वर्ष 2013.14 में उनके कार्यकाल के दौरान प्रारंभ की गई थी। उस समय जिले के केले की विशिष्टता को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने तथा किसानों को इसका वास्तविक लाभ दिलाने के उद्देश्य से इस विषय को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया गया। इसके बाद लगातार विभिन्न विभागों,कृषि एवं उद्यानिकी विशेषज्ञों तथा संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से अधिक समय तक चले निरंतर प्रयास, तकनीकी दस्तावेजीकरण, शोध एवं विभागीय समन्वय के परिणामस्वरूप आज बुरहानपुर के केले को यह प्रतिष्ठित पहचान प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि केवल एक उत्पाद को मिला सम्मान नहीं है, बल्कि जिले के हजारों किसानों के परिश्रम, समर्पण और कृषि उत्कृष्टता का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ सम्मान है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मध्यप्रदेश में विशिष्ट कृषि एवं पारंपरिक उत्पादों को जीआई टैग दिलाने की दिशा में लगातार कार्य किया गया है। बालाघाट जिले के प्रसिद्ध चिन्नौर धान को जीआई टैग प्राप्त हो चुका हैए जिससे उसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिली। इसके साथ ही महेश्वर की विश्वविख्यात महेश्वरी साड़ी तथा हरदा क्षेत्र के बांस उत्पाद भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुके हैं। अब बुरहानपुर का केला भी प्रदेश के गौरवशाली जीआई टैग प्राप्त उत्पादों की सूची में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का ष्व्होकल फोर लोकलष्ष् तथा ष्लोकल टू ग्लोबलष्ष् विजन है तथा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बुरहानपुर के केले को मिला जीआई टैग इसी सोच और किसान हितैषी प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि जीआई टैग मिलने के बाद बुरहानपुर का केला दुनिया के बाजारों में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इससे जिले के किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगाए निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा बुरहानपुर का नाम गुणवत्तापूर्ण केले के उत्पादन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगा। साथ ही कृषि आधारित उद्योगों और केला प्रसंस्करण इकाइयों को भी नई गति मिलेगीए जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में हजारों किसान केले की खेती से जुड़े हुए हैं और बड़ी मात्रा में उत्पादन कर प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। जीआई टैग मिलने से किसानों को बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा तथा उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक सशक्त होगी।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने जिले के किसानो, उद्यानिकी विभाग, प्रशासन एवं इस प्रक्रिया से जुड़े सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयासोंए दृढ़ संकल्प और बुरहानपुर की मिट्टी से जुड़े किसानों की मेहनत का गौरवपूर्ण परिणाम है। बुरहानपुर के केले को मिला जीआई टैग आने वाले वर्षों में जिले की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा और किसानों की समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा।

सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा पर कार्यशाला

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मार्गदर्शन एवं नगर निगम बुरहानपुर के सहयोग से फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिला सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन परमानंद गोविंदवाला ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यशाला का उद्देश्य महिला सफाई मित्रों को सफाई कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों,स्वच्छता आदतों तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ।

अपने संबोधन में असिस्टेंट कमिश्नर ने कहा कि महिला सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं।

उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों का स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, कचरे के सुरक्षित संग्रहण एवं परिवहन, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सुरक्षा उपकरणों,जैसे ग्लव्स, मास्क,गमबूट एवं एप्रन के सही उपयोग और रखरखाव की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला के समापन अवसर पर असिस्टेंट कमिश्नर द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान महिला सफाई मित्रों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई और स्वास्थ्य व सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से टीम ने प्रशिक्षण एवं समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पहल महिला सफाई मित्रों को अधिक सुरक्षित,जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इससे लोगों को सुविधा हो रही है।

25 दिन में 176 ऑटो चालकों ने पूरे किए दस्तावेज

ट्रैफिक टीआई बोले : जारी रहेगा अभियान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा 27 मई से ऑटो चालकों के वाहनों के दस्तावेज जांच का अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत अब तक 176 ऑटो चालकों ने अपने दस्तावेज पूरे कराए हैं। यह अभियान शुरू हुए 25 दिन से अधिक का समय बीत चुका हैए लेकिन शहर में संचालित 400 से अधिक ऑटो में से अभी भी बड़ी संख्या में चालकों ने दस्तावेज पूरे नहीं किए हैं।

ट्रैफिक विभाग ने दस्तावेज पूरे करने वाले वाहनों पर श्ओकेश् का स्टीकर लगाने का अभियान भी चलाया है। इस स्टीकर से ऑटो के नंबरों के आधार पर उसकी पहचान आसान हो जाती है। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया में अभी कुछ और समय लग सकता है, क्योंकि ऑटो चालक धीरे.धीरे दस्तावेज पूरे कराकर थाने से श्ओकेश् स्टीकर लगवा रहे हैं।

ट्रैफिक टीआई राजेश बारवाल ने बताया कि अब तक 176 ऑटो चालकों ने दस्तावेज पूरे कराकर श्ओकेश् स्टीकर लगवाए हैं। उन्होंने कहा कि अन्य वाहनों पर भी जल्द से जल्द दस्तावेज पूरे होने पर स्टीकर लगाए जाएंगे। विभाग एक रजिस्टर भी मेंटेन कर रहा हैए जिसमें प्रत्येक ऑटो के बीमाए परमिट और फिटनेस की जानकारी दर्ज की जा रही है।

टीआई बारवाल के अनुसारए कुछ दिन पहले एक साथ 12 ऑटो चालकों ने पहुंचकर श्ओकेश् के स्टीकर लगवाए थेए जिससे कुल संख्या 176 हो गई है। हालांकिए अभी भी 400 से अधिक ऑटो चालक ऐसे हैं जिन्होंने अपने दस्तावेज पूरे नहीं कराए हैं और वे विभाग तक नहीं पहुंचे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने सभी ऑटो चालकों से जल्द से जल्द अपने दस्तावेज पूरे कराने की अपील की है।

कोटवारों और नगर सुरक्षा समिति सदस्यों को 07 दिवसीय विशेष पुलिस अधिकारी प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। कलेक्टर बुरहानपुर श्री हर्ष सिंह,पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में आगामी मोहर्रम पव, लाइन ऑर्डर ड्यूटी एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को शांतिपूर्ण,सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस एवं प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है।

इसी क्रम में जिले के कोटवारों एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों को रेणुका पुलिस लाइन,बुरहानपुर में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु 07 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रेणुका पुलिस लाइन में संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन श्री विजय गुप्ता द्वारा किया गया। इस आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस उपस्थित रही। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी गरिमामयी उपस्थिति रही।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने अपने उद्बोधन में इस प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि अपराध होने के बाद कोटवारों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी। गांव में चल रही गतिविधियों और चर्चाओं से वे महत्वपूर्ण जानकारी निकालकर पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। इससे अपराधों के खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी में मदद मिलेगी। हर थाने में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगाए जो कोटवारों के संपर्क में रहेगा। साथ ही सभी कोटवारों को एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा जाएगाए ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्दी बदलने से कोटवारों का सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ेगा। गांव के लोग अब उन्हें प्रशासन से जुड़ा हुआ मानेंगे और उनकी बातों को अधिक गंभीरता से लेंगे। इससे गांवों में अपराधों की रोकथाम और त्योहारों के दौरान कानून.व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

कलेक्टर हर्ष सिंह' ने कहा कि सूचना तंत्र की सबसे अहम कड़ी हैं कोटवार कानून व्यवस्था में सूचना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है। किसी भी घटना या संभावित घटना की जानकारी समय पर प्रशासन तक पहुंचाना बेहद जरूरी है और इस पूरी व्यवस्था में कोटवारों की भूमिका बहुत अहम है। पहले कोटवारों की वर्दी नीले रंग की होती थीए लेकिन अब उन्हें खाकी वर्दी और नीली टोपी दी गई है। सात दिन के इस प्रशिक्षण में उन्हें अनुशासन, परेड, सलामी और प्रशासनिक समन्वय की बारीकियां सिखाई गई। ताकि वे पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर सकें।

विधायक अर्चना चिटनिस' ने समापन कार्यक्रम में कोटवारों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पहली जिम्मेदारी गांव के आम लोगों के प्रति है। उन्होंने कहा कि कोटवार यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनका व्यवहार ऐसा होए जिससे गांव का जनजीवन प्रभावित न हो। उन्होंने कोटवारों को अपनी नई पहचान और बढ़ी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने की सलाह दी। इस दौरान विधायक ने कुछ कोटवारों से उनकी शिक्षा और अन्य विषयों पर भी चर्चा की। समापन समारोह में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने जिला और पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित,सांसद प्रतिनिधि, मनोज टंडन,डॉ दीपक वहाबले, विधायक प्रतिनिधि संभाजी सगरे, रुद्रेश्वर ईडोले, भरत रावल, समस्त थाना प्रभारी एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर में

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक

बुरहानपुर। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बुरहानपुर में शैक्षणिक सत्र 2026.27 हेतु विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक,प्रशासनिक एवं विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य श्री एसण्केण् तिवारी द्वारा विद्यालय की विगत सत्र की शैक्षणिक उपलब्धियोंए सह.शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक में विद्यालय के संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन, अधोसंरचना विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार.विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा छात्र.छात्राओं की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति को प्रोत्साहन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार सहित अन्य महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष श्री हर्ष सिंह ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उनके समग्र विकास के लिए सभी आवश्यक प्रयास सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों के लिये स्मार्ट क्लास एवं अन्य गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से चर्चा भी की।

नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में दी जानकारी

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बस स्टैंड परिसर में थाना निम्बोल पुलिस द्वारा निंबोला बस स्टैंड थाना खकनार पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में विशेष जन.जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकोंए युवाओंए विद्यार्थियों एवं यात्रियों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है,बल्कि परिवारए समाज एवं भविष्य को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। नशे की लत अपराध,सड़क दुर्घटनाओं, पारिवारिक विवादों तथा सामाजिक विघटन का प्रमुख कारण बनती है। पुलिस टीम द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की बिक्रीए परिवहन अथवा सेवन संबंधी किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। जागरूक कार्यक्रम में उप निरीक्षक किरण ठाकुर थाना खकनार,उप निरीक्षक विनोद गोड, आरक्षक सचिन ठाकुर,कृष्णकांत उपस्थित रहे।

जनसुनवाई : 96 आवेदनों पर हुई सुनवाई

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्रए प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 96 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों द्वारा आवेदकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं के रोकथाम हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शेण्डे की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए जिले में नशीले पदार्थों की रोकथामए जन.जागरूकता एवं प्रवर्तन संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली गयी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिनियम के तहत एवं शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेए शैक्षणिक संस्थानों एवं युवाओं में जन.जागरूकता बढ़ाई जायें।

बैठक में जिले में ड्रग हॉट स्पॉट चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये। साथ ही नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त बिचौलियों एवं वितरण तंत्र के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बॉर्डर मीटिंग के निर्देशों का उपखण्ड स्तर पर भी पालन करने की बात कही गयी। औद्योगिक क्षेत्रों में भी निगरानी रखने के निर्देश दिये गये। बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही गयी। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की भी समीक्षा हुई। समाज में व्यापक जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने पर जोर दिया गया।

तलावड़ी के पास हादसा : दो युवक घायल,दोनों को गंभीर चोटें आईं

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के सिरपुर के आगे ग्राम तलावड़ी के समीप मंगलवार शाम करीब 4 बजे एक बाइक और डंपर के बीच टक्कर हो गई।

इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बड़ी टांडा निवासी विकास पिता भानु सिंह राठौर,31 और मातापुर निवासी चरण सिंह ,25 बाइक से जा रहे थे। तलावड़ी के पास उनकी बाइक डंपर से टकरा गई, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल एंबुलेंस 108 बुलाया गया। एंबुलेंस पायलट जितेंद्र जमरे और एमटी सैयद उमर अली उन्हें लेकर बुरहानपुर जिला अस्पताल पहुंचे,जहां उनका उपचार जारी है।

एक नजर — बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर माल्यार्पण, प्रतिमा जीर्णोद्धार, उद्यान विकास और भव्य प्रवेश द्वार निर्माण के दिए निर्देश

डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान, त्याग और राष्ट्रवाद से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है : चिटनिस

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जनसंघ के संस्थापकए प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारत की अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू, महापौर श्रीमती माधुरी पटेल ने जिला नेत्र चिकित्सालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, समर्पण और अखंड भारत के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए जो संघर्ष कियाए वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। डॉ.मुखर्जी के आदर्श आज भी हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सदैव राष्ट्रीय एकता को अपना प्रथम लक्ष्य माना। कश्मीर में ष्एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेष् के उनके संकल्प ने देश की राजनीति को नई दिशा दी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35.ए को हटाकर उनके सपनों को साकार करने का कार्य किया गया है, जो उनके बलिदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज जिन ऊंचाइयों पर पहुंची ह, उसके पीछे हमारे पितृ पुरुषों का त्यागए तपस्या और राष्ट्र के प्रति समर्पण है। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवाद के विचारों को लेकर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर श्रीमती चिटनिस ने चिकित्सालय परिसर स्थित डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। साथ ही प्रतिमा परिसर में आकर्षक उद्यान विकसित करने तथा लालबाग मार्ग से जिला नेत्र चिकित्सालय तक पहुंचने के लिए भव्य प्रवेश द्वार निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह परिसर राष्ट्रवादी विचारों और जनसेवा की प्रेरणा का केंद्र हैए इसलिए इसके समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बुरहानपुर में जिला नेत्र चिकित्सालय की स्थापना एवं उसके विकास में श्रीमती अर्चना चिटनिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके सतत प्रयासों से जिले को विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सा सेवाओं की सौगात मिली। उनके कार्यकाल में वर्ष 2008 से 2013 के दौरान लगभग 48 लाख रुपये की लागत से जिला नेत्र चिकित्सालय का उन्नयन कराया गया। साथ ही लगभग 59 लाख रुपये की लागत से इसी परिसर में ब्लड बैंक की स्थापना कर स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान की गई। उनके प्रयासों से विशेष नेत्र चिकित्सा शिविरों एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन अभियानों का नियमित संचालन हुआए जिससे हजारों मरीजों को लाभ मिला।

कार्यक्रम के उपरांत श्रीमती चिटनिस ने जिला नेत्र चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पताल में चल रहे सुधार एवं उन्नयन कार्यों की समीक्षा की। उनके निर्देशानुसार अस्पताल में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने, आर.ओ.वाटर कूलर स्थापना, भवन मरम्मत, रंग.रोगन, प्लंबिंग, फर्नीचर व्यवस्था तथा ऑपरेशन थिएटर के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सहित विभिन्न कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ने कहा कि स्व. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक और जम्मू.कश्मीर को भारत में पूरी तरह मिलाने के प्रखर समर्थक थे। वे अनुच्छेद 370 के घोर विरोधी थे,वे इस व्यवस्था का विरोध करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू.कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े,वहां पहुंचते ही उन्हें राज्य सरकार द्वारा गिरफ्तार करके नजरबंद कर लिया गया। हिरासत में रहने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और 23 जून 1953 को संदेहास्पद परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। इस दौरान कश्मीर और बंगाल को लेकर जमकर नारेबाजी भी की गई।